हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 19 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 43.7 डिग्री
न्यूनतम 18.1 डिग्री

10 हर खिलाड़ी को 20 लाख रुपये का मेडिकल बीमा कवर ...



11 विद्यार्थियों को बैंकिंग सेक्टर की आवश्यक योग्यताओं ...



खास खबर आपके लिए
6वीं, 7वीं, 8वीं, 9वीं, 10वीं, 11वीं, 12वीं व 12वीं पास विद्यार्थी कोटा की नं. 1 फैकल्टी के मेगा सेमिनार व स्कॉलरशिप टैस्ट में 20 अप्रैल को हिस्सा ले सकते हैं। इम्पेक्ट फीचर

## 11वीं, 12वीं व 12वीं पास विद्यार्थी नीट, आईआईटी व B.Sc. (Nursing) बैच के लिए पाएं 100% स्कॉलरशिप

रोहतक: ये खबर उन विद्यार्थियों के लिए है जो 11वीं क्लास में पढ़ रहे हैं साथ ही उन बच्चों के लिए भी है जो 12वीं में पढ़ रहे है या 12वीं पास करके ड्रॉप करके उनका सपना है आईआईटी, नीट-मेडिकल, एनडीए में टॉप करने का। जी हाँ इस रविवार 20 अप्रैल को रोहतक में कोटा की टॉप फैकल्टी द्वारा मेगा सेमिनार और 100% स्कालरशिप टेस्ट का आयोजन सुबह 10 बजे होने जा रहा है। इस टेस्ट में बैठने मात्र से आप पाएंगे देश के टॉप फैकल्टी से पढ़ने का मौका।

कोटा राजस्थान की टॉप फैकल्टी अब आपके शहर रोहतक में...




इस बैच का ऐसे बनें हिस्सा
इस बैच के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। जो बिल्कुल फ्री है संपर्क करें :कोटा क्लासेज़, सालासर काम्पलैक्स, 144-L, मॉडल टाऊन, नजदीक सीआर पॉलिटेक्निक कॉलेज, रोहतक या फिर इन नम्बरों पर भी फ्री रजिस्ट्रेशन करवायें :
98964-51410, 97285-44433

### शहर में आज

⏭ अंबेडकर चौक पर सुबह 9 बजे से रक्तदान शिविर

### बिजली कट

⏭ सुबह 6 से 9 बजे तक पीजीआई पावर हाउस, पीजीआई कॉलोनी, 11 केवी डायरेक्टर ऑफिस, नई ओपीडी, मॉडल टाउन

⏭ सुबह 7 से 12 बजे तक खोखरा कोट, राजीव कॉलोनी, पाडा मौहल्ला, हनुमान कॉलोनी, तेज कॉलोनी, सालारा मोहल्ला, निसान शोरूम, सुखपूरा चौक

**बिजली कट से परेशानी:** निगम कार्यालय में हर रोज आ रही 200 से ज्यादा शिकायतें

# गर्मी बढ़ने के साथ ही बिजली की खपत 13 लाख यूनिट तक बढ़ी, मौसम बदलने से राहत की उम्मीद

■ दिनभर बिजली निगम कर्मी फाल्ट दूर करने और मरम्मत कार्य में लगे रहे



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

इन दिनों गर्मी पड़ रही है। इस मौसम में लोगों को पर्याप्त मात्रा में बिजली आपूर्ति मिलती रहे, इसके लिए बिजली निगम भी लगातार अपने सिस्टम को दुरुस्त कर रहा है। शुक्रवार को भी दिनभर बिजली कर्मचारी फाल्ट दूर करने व मरम्मत कार्य में लगे रहे। बिजली कट बढ़ने से आमजन भी परेशान हैं। लेकिन देर शाम बारिश से बिजली की डिमांड कुछ हद तक कम होने की संभावना है। वोल्टेज में ज्यादा उतार-चढ़ाव आने पर कई लोगों के उपकरण खराब हो गए। दरअसल, बिजली निगम द्वारा मेंटेनेंस कार्य किया जाना था। इसके लिए सुबह दस बजे से लेकर दो बजे तक के लिए कट घोषित किया गया था। मेंटेनेंस कार्य के चलते लगभग डेढ़ घंटे तक बड़ा बाजार, रामगोपाल कॉलोनी, सेक्टर-1 आदि में आपूर्ति प्रभावित रही। उधर, सब डिवीजन-2 इलाके में भी करीब तीन घंटे का कट रहा। वहीं, बिजली निगम के अधिकारियों का कहना है कि पिछले चार दिनों में गर्मी ज्यादा होने के कारण करीब 13 लाख यूनिट की खपत बढ़ गई है। वहीं, निगम कार्यालय में हर रोज आ रही हैं 200 से ज्यादा शिकायतें आ रही हैं।

### कई बार लाइनें ट्रिपं हो रहीं



गर्मी बढ़ने के साथ ही खपत बढ़ जाती है। ऐसे में कई बार लाइन ट्रिपं हो जाती है और कई जगह फाल्ट आ जाते हैं लेकिन निगम कर्मचारी तुरंत ऐसे फाल्टों को ठीक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को भी जरूरत के अनुसार बिजली का प्रयोग करना चाहिए। जरूरत नहीं होने पर उपकरणों को तुरंत बंद कर देना चाहिए। **-मनिंद्र सिंह**, बिजली निगम एसई

### तेज आंधी और बारिश के कारण कई जगह टूटे बिजली पोल, पूरे शहर में बिजली बाधित

रोहतक । शुक्रवार देर शाम आई तेज आंधी और बारिश ने बिजली निगम की संपत्ति को खासा नुकसान पहुंचाया। तेज आंधी चलने से ग्रामीण इलाकों में बिजली पोल और ट्रांसफार्मर पोल से गिरकर खेतों और सड़कों पर जा गिरे। शहरी क्षेत्रों में तेज हवा से केबल टूटने, ट्रांसफार्मरों से फ्यूज उड़ने और तेज धमाके के साथ स्पार्किंग होती रही। देर रात तक शहर और गांवों में ब्लैक आउट की स्थिति बन आई। देर शाम करीब 8 बजे आंधी और बारिश थमने के बाद बिजली निगम के एक्सईएन, एसडीओ ने टीम के साथ मेंटेनेंस कार्य की कमान संभाली। जिले के उपभोक्ता रात भर बिजली कट की समस्या से परेशान रहे। बिजली कट का सिलसिला देर रात तक चला।

**ट्रांसफार्मर में हुआ धमाका:** बिजली निगम के अधिकारी बताते हैं कि कंट्रोल रूम में शुक्रवार को करीब 210 उपभोक्ताओं ने शिकायतें दर्ज कराईं। सेक्टर तीन मार्केट में केबल टूटने से बिजली कट रहा। सेक्टर 14 में लो वोल्टेज की समस्या बनी रही। बिजली कट से परेशान उपभोक्ता रात भर कंट्रोल रूम के नंबरों पर कॉल करके बिजली सप्लाई बहाल होने का पता करते रहे। गांवों के फीडर पर बिजली पोल टूटने की पुष्टि हुई। शहर के सेक्टरों की मार्केट में केबिल टूटकर सड़क पर जा गिरी।

## बिजली चोरी के 29 केस 13 लाख का जुर्माना लगाया

**रोहतक।** बिजली चोरों के खिलाफ बिजली निगम का अभियान लगातार जारी है। अलग-अलग अधिकारियों की टीमें गठित कर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। खास बात है कि यह अभियान दिन-रात चल रहा है। बिजली वितरण निगम की टीम ने शहर के विभिन्न हिस्सों में छापा मारकर 29 बिजली चोरी केस पकड़े हैं। जिन पर निगम की ओर से उनके लोड के हिसाब से 13 लाख रुपये जुर्माना लगाया गया है। इनमें से साढ़े 4 लाख रुपये निगम ने बिजली चोरों ने अभी तक वसूल लिया है। गर्मी के इस मौसम में लाइन लॉस व ओवरलोड की समस्या ज्यादा हो रही है। ऐसे में लोग अवैध कनेक्शन व मीटरों के साथ छेड़छाड़ कर बिजली चोरी कर रहे है। ऐसे लोगों पर निगम की ओर से कार्रवाई की जा रही है।

### अब तक 4.50 लाख रुपये का जुर्माना वसूला जा चुका

निगम की टीमें रिहायशी क्षेत्रों में छापेमारी कर रही है। अब तक निगम अधिकारियों ने 26 बिजली चोरों को पकड़ा है। इन पर उनके लोड के हिसाब से 13 लाख रुपये जुर्माना भी ठोंका गया है। एसडीओ आशीष चौहान ने बताया कि अब 4.5 लाख रुपये जुर्माना भी वसूला जा चुका है। निगम की 4 टीमें दिन-रात छापेमारी अभियान में लगी हुई है।

## मानसिक तनाव के चलते युवक ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

**रोहतक।** गांव गुढ़ान में मानसिक तनाव के चलते एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। साथ ही एफएसएल विशेषज्ञ डॉ. सरोज दहिया को मौके पर बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए। मृतक की पहचान गांव गुढ़ान निवासी 25 वर्षीय सुनील के रूप में हुई। सुनील मानसिक तनाव के चलते बणी में जाकर पेड़ से फांसी लगा ली। पुलिस ने परिजनों की शिकायत के अधार पर केस दर्ज कर लिया है। ग्रामीणों ने बताया कि सुनील मेहनत मजदूरी करता था, जिससे वह अपना गुजारा करता था। पिछले कुछ दिनों से सुनील मानसिक तनाव से गुजर रहा था, जिसके कारण सुनील ने पेड़ से फांसी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली है।

### की जा रही जांच

बणी के अंदर एक युवक के पेड़ पर लटके होने की सूचना मिली थी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मौके पर एफएसएल एक्सपर्ट टीम को बुलाया गया। पुलिस मामले में जांच कर रही है। **-सतपाल**, थाना प्रभारी कलानौर

### खबर संक्षेप

#### प्रेम नगर से युवक की बाइक चोरी, केस दर्ज

**रोहतक।** प्रेम नगर से एक युवक की बाइक चोरी हो गई। सिविल लाइन थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। नवल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह प्रेम नगर में का रहने वाला है। वह आईसीआईसीआई बैंक में कार्यरत है। 17 अप्रैल को ड्यटी करने के बाद रात करीब 10 बजे अपने घर पर आया और बाइक को घर के नीचे खड़ी कर दी। 18 अप्रैल को सुबह करीब 8 बजे देखा तो मेरी बाइक वहां नहीं मिली। इसके बाद आस-पास के एरिया में बाइक को देखा लेकिन कहीं पर भी नहीं मिली।

#### ई-रिक्शा चोरी मामले में आरोपी गिरफ्तार


**रोहतक।** पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए ई-रिक्शा चोरी करने व खरीदने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। कोर्ट के आदेश पर आरोपी आकाश को एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। शहर थाना प्रभारी ने बताया कि कलानौर निवासी सोनू की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि सोनू किराए पर ई-रिक्शा चलाने का काम करता है।



## एमडीयू का 50वां स्थापना दिवस आज, राज्यपाल होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय शनिवार 19 अप्रैल को अपने 50वें स्थापना दिवस एवं स्वर्ण जयंती वर्ष का शुभारंभ करेगा। इस अवसर पर राज्यपाल एवं कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय मुख्य अतिथि होंगे। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, हरियाणा सरकार तथा प्रो. कैलाश चंद्र शर्मा, अध्यक्ष, हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद, पंचकूला के अध्यक्ष प्रो. कैलाश चंद्र शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में शिरकत करेंगे। समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो. राजबीर सिंह करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य परिसर में मुख्य अतिथियों के स्वागत से होगा। इसके पश्चात फैकल्टी कैफेटेरिया एवं टैगोर ऑडिटोरियम में प्रदर्शनी का उद्घाटन किया जाएगा। दीप प्रज्वलन, कुलगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुति और कुलपति के स्वागत भाषण के साथ ही विश्वविद्यालय की गौरवमयी यात्रा को साझा किया जाएगा।



### विवि में 42 शिक्षण विभाग 10 संकाय एवं 212 कार्यक्रम हो रहे संचालित

विश्वविद्यालय की स्थापना 1975 में हुई थी। इसकी शुरुआत 1966 में पंजाब विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर क्षेत्रीय केंद्र के रूप में हुई थी। पिछले पचास वर्षों में यह विश्वविद्यालय एक आवासीय शिक्षण संस्थान से बढ़कर एक प्रमुख शिक्षण-सह-संबद्धता विश्वविद्यालय के रूप में विकसित हुआ है, जिसकी शैक्षणिक सीमा हरियाणा के आठ जिलों तक विस्तृत है। वर्तमान में विश्वविद्यालय में 42 शिक्षण विभाग, 10 संकाय एवं 212 कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं। नैक ए ग्रेड का दर्जा विश्वविद्यालय को हासिल है।

## अनाधिकृत कब्जे हटाने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**रोहतक।** जिलाधीश धीरेंद्र खडग़टा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धाराओं 16 (1) एवं 17 (2) के तहत हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर 4 में अनाधिकृत कब्जे हटाने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्राधिकरण की होर्टिकल्चर डिविजन के उपमंडल अभियंता देवेंद्र कुमार डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने के आदेश जारी किए है। जिलाधीश द्वारा जारी आदेश के तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा तथा पुलिस बल के प्रभारी निरंतर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के संपर्क में रहेंगे। ड्यूटी मजिस्ट्रेट भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 द्वारा प्रदत्त की गई कार्यकारी मजिस्ट्रेट की शक्तियों का प्रयोग करेंगे। संबंधित विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि संबंधित भूमि पर किसी न्यायालय स्टे अथवा स्टेटस-को आदेश पारित न किया गया हो तथा कार्य नियमानुसार हो।




**निर्देश** किसानों को फसल बेचने में दिक्कत नहीं आनी चाहिए : डीसी

# जिले में अब तक 1,15,069 मीट्रिक टन गेहूं व 24,024 एमटी सरसों की खरीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जिला के किसानों का आह्वान किया है कि वे गेहूं व सरसों की फसल को सुखाकर एवं साफ करके मंडियों में लाएं। किसान फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करें ताकि पर्यावरण संरक्षित रहे तथा भूमि की उपजाऊ शक्ति भी बढ़ सके। अब तक जिला की मंडियों में 115069.70 मीट्रिक टन गेहूं एवं 24024.91 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। सरकार द्वारा सरसों के लिए 5950 रुपए प्रति क्विंटल तथा गेहूं के लिए 2425 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया गया है। गत वीरवार तक जिले की मंडियों में 115069.70 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। कलानौर मंडी में एफसीआई द्वारा 958.50 व हरियाणा राज्य वेयरहाऊस कॉरपोरेशन द्वारा 5864 मीट्रिक टन, किलोई मंडी 9155.10 मीट्रिक टन, लाखनमाजरा मंडी में 6831.20 मीट्रिक टन, मदीना मंडी में 2728.90 मीट्रिक टन, महम मंडी 12581.90 मीट्रिक टन, रोहतक मंडी में 44346.60 मीट्रिक टन, सांपला मंडी में 25247.90 मीट्रिक टन गेहूं व सांघी मंडी में 7355.60 की खरीद की गई है।

### मंडियों में सभी सुविधाएं उपलब्ध

उपायुक्त ने बताया कि जिला की मंडियों में सरसों की खरीद भी जारी है। अब तक जिला की मंडियों में 24024.91 मीट्रिक टन सरसों खरीदी गई है। कलानौर मंडी में हैफेड द्वारा 11109.18 मीट्रिक टन, महम मंडी में हरियाणा स्टेट वेयर हाउस कारपोरेशन द्वारा 7859.25 मीट्रिक टन, रोहतक मंडी में हैफेड द्वारा 2030 मीट्रिक टन तथा सांपला मंडी में हैफेड द्वारा 3026.48 मीट्रिक टन सरसों की खरीद की गई है। जिला प्रशासन द्वारा मंडियों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई तथा खरीद सीजन को सुचारू ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए है।



### अंधड़ और बूंदाबांदी से किसानों की सांसें अटकीं

शुक्रवार शाम को करीब 18-20 घंटे बाद पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने पर रोहतक व आसपास के क्षेत्रों में मौसम बदला। पहले आंधी चली। इसके बाद हल्की बूंदाबांदी हुई। इससे किसानों को परेशानी हुई। क्योंकि मंडियों में हजारों मीट्रिक टन गेहूं खुले में पड़ा है। कृषि विश्वविद्यालय के पूर्वानुमान के मुताबिक अगले कुछेक घंटों तक राज्य के मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। इसके बाद फिर से तेजी गर्मी पड़ेगी। ऐसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के मौसम विभाग का कहना है।

# हर खिलाड़ी को 20 लाख रुपये का मेडिकल बीमा कवर देने का लिया गया संकल्प : सैनी

## मुख्यमंत्री ने स्टेडियम में विकास कार्यों के लिए 21 लाख रुपये देने का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राज्य सरकार खेल को केवल एक करियर ही नहीं, बल्कि जीवन शैली बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। प्रदेश में स्कूल स्तर से ही खेलों को अनिवार्य किया जा रहा है, ताकि बचपन से ही शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का संतुलन बना रहे। प्रदेश में हर खिलाड़ी को 20 लाख रुपये का मेडिकल बीमा कवर देने का संकल्प लिया गया है। नायब सिंह सैनी गांव किलोई स्थित शिव कुमार मेमोरियल स्टेडियम परिसर में तीसरी अखिल भारतीय शिव कुमार स्मृति बास्केटबॉल प्रतियोगिता का बतौर मुख्यातिथि विधिवत शुभारंभ करने उपरांत उपस्थितगण को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने शिव कुमार स्मृति स्टेडियम के कार्यों के लिए 21 लाख रुपए की धनराशि, गांव में शीघ्र महिला चौपाल का निर्माण तथा गांव की विभिन्न मांगों को शीघ्र पूर्ण करवाने की भी घोषणा की। उन्होंने स्वर्गीय शिव कुमार के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि उनकी स्मृति हमें देश के लिए बेहतर करने की प्रेरणा देती रहेगी। यह उनकी सोच का प्रतीक है, जो खेल के माध्यम से समाज को एकजुट और सशक्त बनाना चाहती थी। खेलों को बढ़ावा देने व खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित रोजगार सुनिश्चित करने के लिए 'हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियम 2021' बनाये गए हैं। इसके तहत खेल विभाग में 550 नए पद बनाये गए। इसके अलावा, 224 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी है। खिलाड़ियों के लिए क्लास-वन से क्लास-थ्री तक के पदों की सीधी भर्ती में आरक्षण का प्रावधान किया गया है। हरियाणा देश का पहला राज्य है, जो पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सबसे अधिक नकद पुरस्कार देता है। प्रदेश में अब तक खिलाड़ियों को 593 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार दिए हैं। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 298 खिलाड़ियों को मानदेय भी दिया जा रहा है।



रोहतक। गांव किलोई स्थित शिव कुमार मेमोरियल स्टेडियम परिसर में लोगों को अभिवादन करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और अन्य लोग। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। गांव किलोई में आयोजित कार्यक्रम मुख्यमंत्री सैनी व पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु का स्वागत करते शिव कुमार मेमोरियल स्मृति के सदस्य।

### खिलाड़ियों को तराशने के लिए संचालित की जा रही 1489 खेल नर्सरियां

नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले तथा पदक जीतने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। वर्ष 2014 से अब तक 29 हजार से अधिक छात्रों को 53 करोड़ 45 लाख रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। खेल विभाग द्वारा 15 हजार 634 खिलाड़ियों को उपकरण प्रदान किये जा चुके हैं। खिलाड़ियों को बचपन से ही तराशने के लिए 1,489 खेल नर्सरियां संचालित की जा रही है, जिनमें 37 हजार 225 खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। इन नर्सरियों में नामांकित 8 से 14 वर्ष की आयु के खिलाड़ियों को 1500 रुपये तथा 15 से 19 वर्ष की आयु के खिलाड़ियों को 2000 रुपये प्रतिमाह दिये जाते हैं। नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह टूर्नामेंट केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि यह स्वर्गीय शिव कुमार के समर्पण, अनुशासन और सेवा भावना की जीवंत स्मृति है। उन्होंने अपने जीवनकाल में खेलों और समाज सेवा को महत्व दिया।

### महिलाओं ने सीएम को भेंट किया 101 कलशों में एकत्रित किया गया दूध



रोहतक। कार्यक्रम में भरी बाल्टी से दूध पीते सीएम।

कार्यक्रम में पहुंचने पर गांव की मातृशक्ति ने मुख्यमंत्री को दूध से भरी बाल्टी प्रदान की, जिस पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि मेरी माताओं ने दूध से स्वागत कर मुझे ताकत देने का काम किया है। यह हमारी समृद्ध संस्कृति को दिखाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह मां ही होती है, जो अपने बच्चों की चिंता करती है। उन्होंने दोनों हाथ जोड़कर माताओं को नमन किया।

### वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक से मुस्लिमों को फायदा होगा

सीएम ने कहा है कि जो वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक आया है, उससे मुस्लिम समुदाय को फायदा हो रहा है। कांग्रेस 2013-2014 में जल्दबाजी में वक्फ बोर्ड विधेयक लोकसभा में लाई थी, जिसके नकारात्मक परिणाम आए थे। उन्होंने कहा भाजपा ने उस वक्फ बोर्ड विधेयक में संशोधन किया है, जिससे मुस्लिम समुदाय को भी फायदा होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस घटिया राजनीति करती थी। उएलाड वाले मामले में ईडी जांच कर रही है। लंबे समय से यह मामला चल रहा है और अगर वाड्रा गलत नहीं है तो उन्हें जाना चाहिए। इसमें प्रदर्शन करने की क्या जरूरत है।





बास्केटबॉल का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री सैनी और बास्केटबॉल स्पर्धा में भाग लेते प्रतिभागी।

### गांव के बुजुर्गों ने युवाओं को हमेशा खेलों के लिए किया प्रेरित : कैप्टन अभिमन्यु




सूबे के पूर्व वित्त मंत्री एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि गांव के लोगों ने युवाओं को खेलों में भाग लेने के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया है। इस मैदान से हजारों खिलाड़ी निकलकर प्रदेश व देश का विभिन्न प्रतियोगिताओं में नाम रोशन किया है। इस गांव के खिलाड़ियों ने खेलों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करते हुए रोजगार भी प्राप्त किया है। डॉ. रामधन हुड्डा ने खेलों को शुरू किया तथा उनका खेलों को महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने गत 30 वर्ष पूर्व इस मैदान में खेले गए मैच के अनुभव भी सांझा किए।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

मौके पर राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, खरखौदा के विधायक पवन खरखौदा, पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, पूर्व मंत्री कृष्ण मूर्ति हुड्डा, मेयर राम अवतार वाल्मीकि, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतीश नांदल, भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, डीसी धीरेंद्र खडगटा, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा, रेणू डाबला, डॉ. दिनेश घिलौड़, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, रामकर्ण हुड्डा, प्रेम सिंह हुड्डा, प्रतिभा सुमन, शिव कुमार स्मृति स्टेडियम कमेटी के अध्यक्ष विनोद कुमार, सचिव सोमवीर, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र, संयोजक सतीश हुड्डा, हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश बोहर, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य नवीन दुल, बिजेंद्र कोच, बाबा भोलादास, बाबा राघव दास, किलोई खास के सरपंच विजय, किलोई दोपाना के सरपंच भजनलाल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल सहित अन्य व खिलाड़ी मौजूद रहे।



रोहतक। आरोपित पुलिस की गिरफ्त में। फोटो : हरिभूमि

### भैंस बेचने के नाम पर लगाया चूना

# 85 हजार की ठगी के मामले में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस ने भैंस बेचने के नाम पर 85 हजार से ज्यादा रुपये की ठगी की वारदात में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। कलानौर थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया कि कलानौर निवासी अनिल की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि अनिल ने भैस लेने के लिए फेसबुक पर लक्ष्मी डेयरी नाम से सर्च करने पर एक मोबाइल नंबर आया। उन्होंने बताया कि लक्ष्मी डेयरी के माध्यम से भैस बेची जाती है जो वीडियों कॉल करके दिखाई जाती है। 80 हजार रुपये में भैस का सौदा हुआ। 6 दिसंबर 2024 को अनिल के पास फोन आया कि 6 हजार रुपये ट्रांसफर कर दे बाकि राशि भैस मिलने के उपरांत कर दे। 7 दिसंबर 2024 को अनिल के पास 16500 रुपये और भेजने बारे कहा। अनिल ने उनके कहे अनुसार अलग-2 ट्रांजेक्शन में कुल 85 हजार 400 रुपये ट्रांसफर कर दिए, लेकिन फिर भी भैंस नहीं मिली। जांच के दौरान 17 अप्रैल को आरोपी अरवाज व मुफीद निवासी गांव गांवडी, राजस्थान को गिरफ्तार किया गया है। गिरोह में शामिल रहे दो आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है।

- फेसबुक पर लक्ष्मी डेयरी नाम से सर्च करने पर फोन नंबर आया
- गिरोह में शामिल रहे दो आरोपियों को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है

## खबर संक्षेप

### प्रश्नोत्तरी में श्रेयांश प्रथम व सिमरन द्वितीय

**रोहतक।** वैश्य कॉलेज रोहतक में कॉमर्स एसोसिएशन द्वारा ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्राचार्य डॉ संजय गुप्ता ने कहा कि आजकल ऑनलाइन कार्यशैली का दौर है, इसलिए ऐसी ऑनलाइन प्रतियोगिताएं भविष्य में भी करवाई जाएंगी, जिससे विद्यार्थी इस अनुभव का आगे जीवन में लाभ उठा सकें। प्रतियोगिता में श्रेयांश ने प्रथम, सिमरन ने द्वितीय तथा कृश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का संचालन डॉ. अंजू सिंगला कन्वीनर कॉमर्स एसोसिएशन ने किया। दीपाली आर्य, डॉ प्रतिभा, मनोज गर्ग व अन्य स्टाफ सदस्यों ने भी प्रतियोगिता के सफल संचालन में अहम भूमिका निभाई।

### अवैध हथियार उपलब्ध करवाने वाला गिरफ्तार



आरोपित पुलिस की गिरफ्त में

**रोहतक।** सीआईए-1 की टीम ने अवैध हथियार उपलब्ध करवाने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को कोर्ट के आदेश पर दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। सीआईए-1 प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि 23 मार्च को बस अड्डा इस्माइला नजदीक रेलवे फ्लाई ओवर के पास से आशीष निवासी खेडी सांपला को एक देसी पिस्तौल व एक रौंद बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ थाना सांपला में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया था। आरोपी से गहनता से पूछताछ करने पर सामने आया कि अवैध हथियार अशोक निवासी मुराणा, नारनौंद जिला हिसार ने उपलब्ध करवाए थे। जांच के दौरान 17 अप्रैल को आरोपी अशोक निवासी मुराणा, नारनौंद जिला हिसार को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी अशोक यूपी से अवैध हथियार लेकर आया था।

### एचसीएस अधिकारी दलबीर सिंह ने कर्मचारियों को चेताया

# छापे मारेंगे तब गैर-हाजिर मिले तो खैर नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित कर्मचारियों के मनमर्जी से दफ्तर पहुंचने की खबर को महम के एसडीएम दलबीर सिंह ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा है कि यदि महम उपमंडल के सरकारी कार्यालयों में कोई भी कर्मचारी गैर हाजिर मिलेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि वे सरकारी कार्यालयों में छापे मारेंगे। यदि छापे के दौरान यदि कोई कर्मचारी नदारद पाया जाता है या फिर उसके काम में किसी तरह की कोताही पाई जाती है तो वे उसको किसी भी कीमत पर नहीं बख्शेंगे। हालांकि लघुसचिवालय में सभी कर्मचारियों की बायोमैट्रिक हाजिरी लगाना सुनिश्चित किया गया है। जो कार्यालय लघुसचिवालय से बाहर चल रहे हैं, उनका निरीक्षण किया जाएगा, साथ ही उनकी भी बायोमैट्रिक हाजरी लगाया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। महम के तमाम सरकारी कार्यालयों में अधिकारी व कर्मचारी मन लगाकर अपनी ड्यूटी करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

- हरिभूमि ने प्रकाशित की थी महम में सरकारी कर्मचारियों की लेट लतीफी की खबर



दलबीर सिंह फोगाट
एसडीएम महम।

### सभी अपने कर्तव्य का पालन करें

खासकर ग्रुप डी के कर्मचारी जो कुछ समय पहले ही जिन्हें नियुक्ति मिली है, वे ईमानदारी व निष्ठा के साथ अपने कर्तव्य का पालन करें। महम शहर के अलावा महम उपमंडल के गांवों में चल रहे सरकारी कार्यालयों में भी किसी भी समय छापामार कार्रवाई हो सकती है। गांवों में चल रहे स्वास्थ्य केंद्रों में काम करने वाले स्वास्थ्यकर्मी, राजस्व विभाग के पटवारी, ग्राम सचिव, जलघरों में कार्यरत जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, ग्रामीण सफाई कर्मचारी, बिजली कर्मचारी, सरकारी स्कूलों के शिक्षक, ग्रामीण चौकीदार, उपमंडल नागरिक अस्पताल, खंड कार्यालय, आईटीआई, कॉलेज, बिजली विभाग का उपमंडल कार्यालय, अनाज मंडी, पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मचारी और अन्य सरकारी सेवाओं से जुड़े कर्मचारी तन्मयता से काम को करें। लेट लतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसी भी समय सरकारी दफ्तर का औचक निरीक्षण किया जा सकता है।

# खंडित तिरंगे नगर निगम को सौंपे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




मेरा झंडा मेरी शान अभियान के तहत रोहतक के आसपास के क्षेत्र से सभी तिरंगा वीरों के सहयोग से संभाले गए 210 खंडित तिरंगे शुक्रवार को सम्मानपूर्वक निष्पादन हेतु विपिन नरवाल नोडल अधिकारी नगर निगम रोहतक को सौंपे गए। अभियान संयोजक सुंदर जेटली ने बताया कि उनकी टीम 15 अगस्त 2022 के हर घर तिरंगा अभियान के बाद तिरंगे के रखरखाव के बारे में आम जनता को जागरूक कर रही है और खंडित तिरंगे को सम्मानपूर्वक संभाल कर नगर निगम के माध्यम से निष्पादन करवाने में अहम भूमिका निभा रही है। अब तक उनकी टीम के द्वारा कुल 6105 खंडित तिरंगों का नगर निगम रोहतक के माध्यम से निष्पादन करवाया जा चुका है और 400 से ज्यादा स्वस्थ तिरंगे आगामी कार्यक्रमों के लिए घरों में सम्मानपूर्वक संभलवाए जा चुके हैं। इस अभियान को सफल बनाने में जसबीर कुमार अजय कुमार, संजय कुमार, पवन मखीजा, जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू भैया बिजली वाले, रानी हुड्डा अहलावत, जिया अहलावत, प्रवीन कुमार, अजय हुड्डा, विकास चहल, नरेंद्र कटारिया, राजेंद्र प्रसाद, प्रवीन सहगल आदि का विशेष योगदान रहा है।

# मल्लखंब स्पर्धा में गुरुकुल विश्वभारती के विद्यार्थियों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

लाढौत रोड़ स्थित गुरुकुल विश्वभारती के विद्यार्थियों ने हरियाणा टीम के लिए खेलो-इंडिया यूथ गेम्स सिलेक्शन ट्रायल मल्लखंब प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन कर अपने संस्थान का मान बढ़ाया है। मल्लखंब खेल के प्रशिक्षक गोवर्धन आर्य ने बताया कि यह प्रतियोगिता 16 अप्रैल को कुरुक्षेत्र में आयोजित की गई थी।

इस प्रतियोगिता में हरियाणा टीम के लिए कुल छह खिलाड़ियों का चयन हुआ, जिनमें से चार खिलाड़ी, रविंद्र, अंकित, रक्षित राठी और प्रवीण शर्मा गुरुकुल विश्वभारती रोहतक से थे। इस उपलब्धि पर गुरुकुल में एक भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर गुरुकुल के संस्थापक आचार्य हरिदत्त उपाध्याय, निदेशक आचार्य नंदकिशोर और प्राचार्य संजय कौशिक ने सभी खिलाड़ियों को उनकी सफलता पर बधाई दी और भविष्य में और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस सफलता ने अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत का कार्य किया है।

# टैलेंट ट्री स्कूल में विद्यार्थियों को बांटे पुरस्कार

**महम।** हिसार-रोहतक हाइवे पर स्थित महम के टैलेंट ट्री स्कूल में शुक्रवार को विद्यालय का स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान विद्यालय में हवन किया गया। हवन समापन के बाद सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इसके साथ ही पिछले दिनों विद्यालय में आयोजित की गई /”टैलेंट-स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट/” परीक्षा परिणाम में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार बांटे गए। प्रथम वर्ग से कक्षा 5 की छात्रा काव्या एवं द्वितीय वर्ग से कक्षा 7 के छात्र गौरांश को प्रथम पुरस्कार स्वरूप लेनोवो टेबलेट प्रदान किया गया। प्रथम वर्ग से कक्षा 2 की छात्रा सौम्या एवं द्वितीय वर्ग से कक्षा 7 के छात्र आत्मज को द्वितीय पुरस्कार स्वरूप फास्ट्रैक स्मार्टवॉच और प्रथम वर्ग से कक्षा 2 के छात्र दक्षेश एवं द्वितीय वर्ग से कक्षा 8 के छात्र हितेन को तृतीय पुरस्कार स्वरूप नॉइज स्मार्टवॉच दी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य आदित्य श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे विद्यालय के शिक्षक विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर रहते हैं और विद्यालय प्रबन्धन समिति के लिए विद्यार्थियों का हित सर्वोपरि है। स्कूल प्रबंधन ने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी को विद्यालय के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी।




महम। प्रतिभावान विद्यार्थी को पुरस्कार प्रदान करते टैलेंट ट्री स्कूल के स्टाफ सदस्य।

# डेयरी एसो. के प्रधान बने अजय

**रोहतक।** डेयरी एसोसिएशन की बैठक हुई। जिसमें सभी डेयरी एसोसिएशन के मेंबरों ने हिस्सा लिया और अजय निझावन को प्रधान चुना गया। बैठक में चौधरी राम आहूजा, ओमप्रकाश शर्मा, सतीश कवातड़, दर्शन गांधी, गुलशन आहूजा, बिट्टू चिटकारा, राजेंद्र ढींगरा ,चंद्र जुनेजा, किशोर कपूर, अशोक कपूर, रिंकू सिक्का, विजय खुराना, विनोद सिक्का, बसंत उप्पल ,प्रवीण, बुद्धि राजा ,मनोहर लाल आहूजा, प्रेम छाबड़ा ,संजय निझावन राजेश सुधा प्रकाश जुनेजा गुलशन चिटकारा ओर मनोज नागपाल उपस्थित रहे।



रोहतक। प्रधान अजय निझावन का स्वागत करते डेयरी एसोसिएशन के

# संजय साहनी और ज्योति शर्मा बने उपप्रधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


लाला लाजपत राय फर्नीचार मार्केट की बैठक वीरवार को प्रधान महेश कपूर की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें ईश्वर दास अनेजा को सरपरस्त, संजय साहनी और ज्योति शर्मा को उप प्रधान, देवेंद्र गर्ग को मुख्य सचिव, पवित अनेजा को सचिव, संजय गर्ग को कोषाध्यक्ष, राजू शर्मा को सलाहकार नियुक्त किया गया। इसके अलावा दिनेश आनंद, सुरेंद्र चुघ, अमित किराड़, चंद्र प्रकाश वधवा, अशीष नासा, अश्वनी सुखीजा और साहिल पाहवा को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया।

**उपलब्धि** ओलंपियाड में 13 बच्चों ने मेरिट में अपनी जगह बनाई

# मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने मैथ्स ओलंपियाड और ग्रीन ओलंपियाड में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा हाल ही में आयोजित मैथ्स ओलंपियाड में आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल के 29 विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल ऑफ़ एक्सीलेंस जीत कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। यह ओलंपियाड देश भर में पहली से दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिरुचि व विश्लेषणात्मक योग्यता का मूल्यांकन करने के लिए प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। जिन 29 विद्यार्थियों ने अपने स्कूल के लिए यह गौरव अर्जित किया उनमें तीसरी कक्षा से आदित्य, सुनृता, अक्षित, अविका व मिलन गुलिया, चौथी कक्षा से रेहान बुधवार, विनीत व एकांश, पांचवी कक्षा से अयान वर्मा, राघव, अयांश बंसल, शौर्य और दिशा, छठी कक्षा से अभिनव परमार, एलेक्स और रीतिका, सातवीं कक्षा से प्रतीक, अभिज्ञान मलिक, आरव और नितांत, आठवीं कक्षा से निकुंज, रिओना और जयंत, नौंवी कक्षा से दक्ष, केशव और रिशिता और दसवीं कक्षा के अर्चित, मुकुंद खन्ना और आदित्य मलिक शामिल हैं। इसी के साथ हाल ही में घोषित ग्रीन ओलंपियाड के परिणाम में भी मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया है। इस ओलंपियाड में 13 बच्चों ने मेरिट में अपनी जगह बनाई है। नौवीं कक्षा से आकांक्षा व आठवीं कक्षा से विशेष ने इस ओलंपियाड में 'हाईएस्ट स्कोरर' का खिताब हासिल किया है। जो विद्यार्थी मेरिट में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे उनमें आठवीं कक्षा से विनायक काद्यान, लक्षित व अभिज्ञान मलिक, नौवीं कक्षा से यशस्वी हुड्डा, अतिक्ष, नित्या, प्रांशी, उज्ज्वल व देवांश और दसवीं कक्षा से यशिका जैन और नैतिक सोनी शामिल हैं। मॉडल एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा, सचिव राजेश सहगल, उपाध्यक्ष राम अवतार गुप्ता व प्रधानाचार्या डॉ अरुणा तनेजा ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।



रोहतक। मॉडल स्कूल के विजेता बच्चे। फोटो : हरिभूमि

**खबर संक्षेप**



## बाल विवाह के खिलाफ चलाया सघन अभियान

**रोहतक।** संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिन्दर कौर द्वारा जिला बाल संरक्षण इकाई, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह के खिलाफ जिले में सघन अभियान चला या जा रहा है। इस अभियान के तहत ईंट भट्ठा मजदूरों को भी जागरूक किया जा रहा है। गांव सिसरौली एवं सुंदरपुर के बीच स्थित चौधरी भट्ठे के मजदूरों को करमिंदर कौर द्वारा बाल विवाह निषेध कानून 2006 के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि बाल विवाह करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही होगी। अगर कोई बाल विवाह करता है या उसमें शामिल होता है तो सबके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह करने वाले को 2 साल तक की सजा हो

## बेसहारा गोवंश सेवा समिति की दसवीं वर्षगांठ 20 को

**रोहतक।** बेसहारा गोवंश सेवा समिति गोशाला की दसवीं वर्षगांठ 20 अप्रैल को मनाई जाएगी। यह गोशाला राजीव गांधी खेल स्टेडियम के पास पुल के नीचे स्थापित की गई है। हवन व विशाल भंडारा होगा। इस दौरान होने वाले समारोह में हरियाणा पुलिस के रिटायर्ड एडीजीपी श्रीकांत जाधव, रोहतक के पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया, नगर निगम रोहतक के मेयर रामअवतार वाल्मीकि और विश्ववारा कन्या गुरूकुल रूड़की की संस्थापक पद्मश्री डा. सुकामा आचार्य मुख्य अतिथि होंगे। यह जानकारी गौवंश सेवा समिति की महासचिव पुष्पा राणा ने दी। विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रवेंद्र दहिया, आचार्य नंद किशोर, आचार्य प्रदीप, आचार्य शंभू मित्र शास्त्री, कृष्णा कादियान, मुक्ता नागपाल व अंजू सैनी मौजूद रहेंगी।

# ज्ञान सेतु ऐप से जुड़े शिक्षा भारती स्कूल के छात्र टेक्नोलॉजी से बदलेगा पढ़ाई का तरीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गोहाना रोड स्थित शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रुहिल फ्यूचर टेक्नोलॉजी द्वारा विकसित नवीनतम शैक्षिक पहल ज्ञान सेतु का शुभारंभ किया गया। 'ज्ञान सेतु' एक अत्याधुनिक डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म है, जिसे विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को नवीन तकनीकों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ शिक्षा प्रदान करना है।

इस प्लेटफॉर्म में इंटरैक्टिव वीडियो लेक्चर्स, लाइव क्लासेस, टेस्ट सीरीज़, अभ्यास प्रश्नपत्र एवं अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे छात्र न केवल परीक्षा की तैयारी कर सकेंगे, बल्कि संकल्पित करियर निर्माण की दिशा में भी मार्गदर्शन प्राप्त कर सकेंगे। इस दौरान रुहिल फ्यूचर टेक्नोलॉजी के



को-फाउंडर अंशुल रूहिल ने ज्ञान सेतु की विशेषताओं पर प्रकाश डाला और बताया कि यह पहल कैसे शिक्षा के क्षेत्र में एक नई क्रांति लाएगी।

इसका उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं रोचक माध्यम से शिक्षा प्रदान करना है। यह प्लेटफॉर्म विशेष रूप से ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जिससे वे भी बड़े शहरों की तरह डिजिटल लर्निंग के सभी लाभ प्राप्त कर सकें। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने कहा कि आज के तकनीकी युग में शिक्षा को डिजिटल स्वरूप में अपनाना आवश्यक हो गया है।

ज्ञान सेतु जैसे प्रयास विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस मौके पर डिजिटल स्क्रीन पर ज्ञान सेतु के इंटरफेस का लाइव डेमो दिखाया गया।

कार्यक्रम संयोजक निखिल ने बताया कि ज्ञान सेतु ऐप विद्यार्थियों के लिए एक संपूर्ण डिजिटल लर्निंग समाधान है, जिसमें अनेक उपयोगी और आधुनिक विशेषताएं समाहित हैं। इस ऐप के माध्यम से छात्र कक्षा 6 से 12 तक के विषयों को आसानी से सीख सकते हैं, क्योंकि इसमें विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार किए गए टूडी व थ्रीडी एनिमेटेड वीडियो लेक्चर उपलब्ध हैं, जो कठिन विषयों को भी रोचक और सरल बना देते हैं। प्रत्येक विषय का पाठ्यक्रम एनसीइआरटी और राज्य बोर्ड के अनुसार डिज़ाइन किया गया है। छात्रों की प्रगति को ट्रैक करने के लिए अध्यायवार क्विज़, मॉक टेस्ट और टेस्ट एनालिसिस जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो उन्हें अपनी कमजोरियों और मजबूतियों को समझने में मदद करती हैं।

### सप्ताह में दो बार लाइव डाउट-क्लियरिंग सेशन का आयोजन

ज्ञान सेतु में सप्ताह में दो बार लाइव डाउट-क्लियरिंग सेशन का आयोजन होता है, जिसमें छात्र अपने प्रश्न सीधे विशेषज्ञ शिक्षकों से पूछ सकते हैं। इसके अलावा, ऐप में सभी विषयों के ई-नोट्स और पीडीएफ फॉर्मेट में स्टडी मटेरियल उपलब्ध कराया गया है, जिसे ऑफलाइन भी पढ़ा जा सकता है। ऐप की एक विशेषता यह भी है कि यह हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में कंटेंट प्रदान करता है। विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों के लिए भी अलग डैशबोर्ड है, जिससे वे अपने बच्चे की पढ़ाई, उपस्थिति और प्रदर्शन पर नज़र रख सकते हैं। करियर गाइडेंस, मोटिवेशनल टॉक्स और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित सत्र इस ऐप को एक समग्र शैक्षणिक मंच बनाते हैं। साथ ही, यह ऐप डेटा-फ्रेंडली और सुरक्षित है, जो कम इंटरनेट खपत में भी उच्च गुणवत्ता की सेवाएं प्रदान करता है और छात्रों की गोपनीयता को पूर्णतः सुरक्षित रखता है।

### बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में सेमिनार का आयोजन

# विद्यार्थियों को बैंकिंग सेक्टर की आवश्यक योग्यताओं की गहराई से अवगत करवाया

विद्यार्थियों को बैंकिंग सेक्टर में प्रवेश करने के लिए आवश्यक कम्युनिकेशन स्किल्स, डिजिटल लिटरेसी, ग्राहक सेवा दक्षता और फाइनेंशियल अवेयरनेस जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स में शुक्रवार को कॅरियर ऑपरच्यूनिटी इन द रिटेल बैंकिंग सेक्टर विषय पर सेमिनार का आयोजन कुलपति डॉ. एचएल वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। यह आयोजन सीसीपीसी एवं इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल बैंकिंग के सहयोग से संपन्न हुआ।

इस सत्र का उद्देश्य विद्यार्थियों को बैंकिंग सेक्टर में उपलब्ध संभावनाओं, अवसरों और



**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक में सेमिनार को संबोधित करते हुए जेपीएस अनेजा।

आवश्यक योग्यताओं की गहराई से अवगत करवाना रहा। सत्र का संचालन इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल बैंकिंग के सेंटर डायरेक्टर जीपीएस अनेजा द्वारा किया गया। उन्होंने बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज तथा इंश्योरेंस सेक्टर की वर्तमान स्थिति, उद्योग के रुझान, आवश्यक कौशल और विभिन्न करियर विकल्पों की विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि कैसे यह सेक्टर लगातार विकसित हो रहा है और युवाओं के लिए रोजगार के असीम अवसर प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को बैंकिंग सेक्टर में प्रवेश करने के लिए आवश्यक कम्युनिकेशन स्किल्स, डिजिटल लिटरेसी, ग्राहक सेवा दक्षता और फाइनेंशियल अवेयरनेस जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी।

### विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के करियर निर्माण को प्राथमिकता देता है

सीसीपीसी निदेशक डॉ. अभिषेक ने विद्यार्थियों को अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए बैंकिंग सेक्टर को एक सुनहरे विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि बैंकिंग एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें न केवल सुरक्षित और स्थायी रोजगार के अवसर हैं, बल्कि व्यक्तिगत विकास एवं सामाजिक प्रतिष्ठा भी प्राप्त होती है। फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के अधिष्ठाता डॉ. अनिल कनवा ने संस्थान की ओर से कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के समग्र विकास तथा उनके करियर निर्माण को प्राथमिकता देता है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के स्तर विद्यार्थियों को सही दिशा में प्रेरित करते हैं और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करतेहैं। कार्यक्रम का समन्वय एवं संचालन सीसीसी निदेशक डॉ. अभिषेक एवं प्लेसमेंट कोऑर्डिनेटर डॉ. मोनिका द्वारा किया गया। इस अवसर पर फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के विभागाध्यक्ष डॉ. जसप्रीत दहिया, डॉ. सपना, डॉ. सुमन, डॉ. हेमा सहित अन्य उपस्थित रहे।



# केवीएम स्कूल में कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

केवीएम स्कूल में सीबीएसई द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय परिणाम आधारित शिक्षण और शिक्षा शास्त्र रहा। कार्यशाला के मुख्य विशेषज्ञ प्रिंसिपल रजनी महाजन और रजनी असत रहे।

परिणाम आधारित शिक्षण एक शिक्षक और मूल्यांकन दृष्टिकोण है जिसमें ध्यान इस बात पर केंद्रित होता है कि छात्रों का पाठ्यक्रम के अंत तक क्या जाना चाहिए और क्या करने में सक्षम होना है।

शिक्षा शास्त्र शिक्षण की कला और विज्ञान को संदर्भित करता है। जिसमें सीखने की सुविधा के लिए उपयोग की जाने वाली विधियां राजनितियां और दृष्टिकोण शामिल होता है, परिणाम आधारित शिक्षा में शिक्षा शास्त्र का प्रयोग सीखने के अनुभवों को डिजाइन करने और लागू करने के लिए किया जाता है, जो छात्रों को वांछित सीखने के परिणाम प्राप्त करने में मदद करता है।

इस दौरान एक हाउस सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और विशेषज्ञों से अपने प्रश्नों के उत्तर प्राप्त किए। सभी शिक्षकों से सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉक्टर मीना कौशिक ने विशेषज्ञों को पौधे भेंट कर सम्मानित किया।

# अमेरिकी उप राष्ट्रपति की भारत यात्रा के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

अखिल भारतीय किसान सभा राष्ट्रीय आह्वान के तहत प्रदेश भर में अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस की आगामी भारत यात्रा के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन करेगी। किसान सभा राज्य प्रधान बलबीर सिंह और महासचिव सुमित दलाल ने कहा कि भारत सरकार कृषि उत्पादों सहित अमेरिकी उत्पादों के लिए टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करने की योजना पर आगे बढ़ रही है। अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने जोर देकर कहा कि भारत को अपना कृषि बाजार खोलना चाहिए और द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए बातचीत में कृषि को 'बाहर' नहीं रखा जा सकता। किसान नेता सुमित दलाल ने कहा कि अमेरिकी उप राष्ट्रपति खिलाफ किसान सभा देश भर में गावों और जिला मुख्यालयों में "वैंस वापस जाओ। भारत बिकाऊ नहीं है" का नारा लगाते हुए विरोध प्रदर्शन करेगी। अमेरिकी उप राष्ट्रपति 21 अप्रैल को भारत आएंगे।

सुमित दलाल ने कहा है कि अमेरिकी उप राष्ट्रपति की चर्चा के अंतर्गत द्विपक्षीय व्यापार समझौता डेयरी किसानों के लिए मौत की घंटी साबित होंगे। क्योंकि यदि टैरिफ और बाजार प्रतिबंध हटा दिए गए तो भारत को अमेरिकी डेयरी निर्यात में भारी उछाल आएगा।



- 21 अप्रैल को आ रहे हैं जेडी वेंस, देशभर के किसान विरोध में होंगे एकजुट

'अमेरिकी वीट एसोसिएट्स' का दावा है कि भारत में घरेलू समर्थन का स्तर ऊंचा है और व्यापार को विकृत करने वाले ऊंचे शुल्क हैं। दलाल ने बताया विडंबना यह है कि यह तब है जब भारत में किसान कानूनी रूप से गारंटीकृत खरीद के साथ लाभकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसी तरह, मक्का के मामले में, आनुवंशिक रूप से संशोधित मक्का के साथ-साथ इथेनॉल पर भारत के आयात प्रतिबंध को हटाने के लिए दबाव है। जिससे अमेरिका को अप्रत्याशित लाभ होने की उम्मीद है। सोयाबीन, बादाम, पिस्ता, अखरोट, सेब और बागवानी की फसलें सभी अमेरिका स्थित कमोडिटी कार्टेल के इशारे पर बातचीत के लिए तैयार हैं।

राज्य प्रधान बलबीर सिंह ने कहा कि अमेरिकी उप राष्ट्रपति से सभी वार्ताएं राज्य सरकारों या संसद को विश्वास में लिए बिना की जा रही हैं। ऐसे समझौते अंतरराष्ट्रीय श्रम मानकों के क्रियान्वयन का आश्वासन भी नहीं देते। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे.डी.वेंस की भारत यात्रा भारत सरकार और कॉरपोरेट नेतृत्व वाले शासक वर्गों पर दबाव डालने का एक हिस्सा है, वे बहुराष्ट्रीय कंपनियों को अप्रत्याशित मुनाफाखोरी की सुविधा देने के लिए राष्ट्रीय हितों को त्याग रहे हैं।

# कलश यात्रा निकाली, अयोध्या नगरी बनी जैन जति जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

श्री दिंगबर जैन मंदिर सराय मोहल्ला रोहतक एवं सकल जैन समाज द्वारा आयोजित झज्जर रोड पर स्थित भगवान शांतिनाथ जैन मंदिर, जैन जति जी में सात दिवसीय पंचाकल्याण प्रतिष्ठा महामहोत्सव में ध्वजारोहण, गर्भ कल्याणक पूर्व रूप व कलश यात्रा गाजे बाजे के साथ निकाली गई। शुक्रवार को मुनि प्रणम्यसागर महाराज द्वारा जैन जती जी का नाम 10 दिन के लिए अयोध्या नगरी रखा। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि सुबह 7 बजे सिविल रोड स्थित दिगबंर जैन मंदिर सराय मौहल्ला से महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा सराय मौहल्ला से शुरू होकर भिवानी स्टैंड, रेलवे रोड, अम्बेडकर चौक, अप्रोच रोड, झज्जर रोड से होती हुई समारोह स्थल जैनजति जी में पहुंची, सभी महिलाओं ने कलश द्वारा वेदी



शुद्धि की। सभी कार्यक्रम मुनि प्रणम्यसागर महाराज के सानिध्य में संपन्न होंगे। मंच संचालन राजेश जैन डीएलएफ ने किया। इस अवसर पर एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, संध्या जैन, उमा शर्मा, मनीषा अग्रवाल, समाज सेवी उद्योगपति विजय कुमार जैन, ब्रह्मचारी नितिन भैया, दीपा जैन, चारूल जैन, पंडित हरेन्द्र शास्त्री, पंडित सनक कुमार, पंडित विनोद कुमार, संस्था के प्रधान अतुल जैन, सचिव अजय जैन, चक्रेश जैन, अनिल जैन बैंक वाले, मनोज जैन, शलेष जैन, मीडिया प्रभारी राजीव जैन, अनुराग जैन, नीतिन लोहिया, गौतम जैन, मनोज जैन, सुनील जैन, अरूण जैन एडवोकेट, राजीव जैन, सुनील जैन, कुणाल जैन, विकास दलाल, सौरव दलाल, दयाचन्द जैन, अचिन जैन आदि मौजूद रहे।

## नाम उपनिषद व कुंडलिनी सिद्धी का हुआ आविर्भाव

**रोहतक।** मुरथल स्थित समर्थगुरु धाम आश्रम के 300 से ज़्यादा साधक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया के सान्निध्य में नाम उपनिषद व कुण्डलिनी सिद्धी का आविर्भाव होने के साक्षी हुए हैं। रोहतक से पहुँचे कोर्डिनेटर डॉक्टर प्रमवीर फोगाट, आचार्य अनहद,दलशेर, परवीन बिश्नोई, जितेंदर हांडा, मोनिका, रितु, मंजु ,स्वामी राजू इत्यादि ने बताया कि नेपाल, तमिलनाडू, हरियाणा, पंजाब, जम्मू कश्मीर इत्यादि राज्यों से समर्थगुरु आनंद धाम माधोपुर आश्रम पठानकोट एकत्रित हुए हैं। समर्थगुरु ने अध्यात्म के गूढ रहस्यों को उजागर किया। उन्होंने कहा कि परमात्मा का बोधक तत्व ओंकार है जिससे नाता जोड़कर साधक सदा सुमरिन में रह सकता है।

**सूचना**

मैं, राजबीर पुत्र श्री राम स्वरूप निवासी मोखरा रोझ, तहसील महम, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा भाई सुरेन्द्र मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये अब मैं मेरे भाई से कोई ताल्लुक नहीं रखता हूं और मैंने अपने तमाम रिश्ते भविष्य के लिए खत्म कर दिए है। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।

**सूचना**

मैं, राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री रतिराम निवासी सैम्पल, तहसील कलानौर, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरी पुत्री मनीषा मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### 'कम्युनिकेशन नेटवर्क' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

# भविष्य की दुनिया संचार की गति से चलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में कंप्यूटर संकाय द्वारा कंप्यूटर में कम्युनिकेशन नेटवर्क भूत, वर्तमान और भविष्य विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक टेक्नोलॉजी, विशेषकर नेटवर्किंग व संचार प्रणाली की अद्यतन जानकारी प्रदान करना रहा ताकि वे भविष्य की तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें।

सेमिनार के मुख्य वक्ता आईआईटी दिल्ली से प्रोफेसर डॉ. हरिमोहन गुप्ता ने कम्युनिकेशन नेटवर्क के एतिहासिक विकास, वर्तमान तकनीकी नवाचारों और भविष्य की संभावनाओं पर गहन व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भविष्य की दुनिया संचार की गति से चलेगी। नेटवर्किंग ही आने वाले समय की रीढ़ है और हमें अपने विद्यार्थियों को इस दिशा में सक्षम बनाना चाहिए। सेमिनार में कंप्यूटर इंजीनियरिंग, कंप्यूटर एप्लीकेशन तथा शोध विभाग के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मंच संचालन डॉ. विजेंद्र सिंह ने किया।




**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रोफेसर डॉ. हरिमोहन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित शिक्षकगण डॉ. देवेंद्र वशिष्ठ, डॉ. कविता, डॉ. साबर, डॉ. बेनिता, डॉ. सारिका, डॉ. अनिल, डॉ. राजीव, डॉ. राहुल, डॉ. रीना, डॉ. तिलक, डॉ. ज्योति, डॉ. नेहा, डॉ. कीर्ति, पंकज (लैब टेक्नीशियन) आदि उपस्थित रहे।

### तकनीक निरंतर बदल रही

इंजीनियरिंग विभाग के डीन डॉ. मुकेश सिंगला ने कहा कि इस तरह के सेमिनार विद्यार्थियों को न केवल विषय के गहरे ज्ञान से जोड़ते हैं, बल्कि उन्हें आधुनिक तकनीक की वास्तविक दुनिया से परिचित कराते हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास और जिज्ञासा दोनों बढ़ती हैं। उन्होंने कहा कि तकनीक निरंतर बदल रही है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे विद्यार्थी इस परिवर्तनशील युग के साथ तालमेल बिठा सकें। कम्युनिकेशन नेटवर्क की समझ न केवल तकनीकी क्षेत्र में, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में आवश्यक होती जा रही है।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

शिव देव सर्विसेज
आवश्यकता है
मैन पावर कंपनी में
- एचआर हेड (महिला)
- फील्ड ऑफिसर
- टेलीकॉलर (महिला)
सिक्योरिटी गार्ड और हाउसकीपिंग स्टाफ के लिए सम्पर्क करें।
202, टाउन सेंटर मॉल, डी-पार्क, रोहतक
अपना रिज्यूम व्हाट्सएप करें M. 9991789000

सैक्स समस्याएं
MOST TRUSTED SEXOLOGIST AWARDEE
Dr. Kawatra Rohtak.com



WE... THE BEST CREATION OF ALMIGHTY CREATOR SERVING HUMANITY FOR THEIR WELL BEING
RELATIONSHIP MANAGEMENT
Wish you speedy Recovery
पुल पार, हिसार रोड, रोहतक 9215161430

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
- PRO 5
- NURSING STAFF 4
- ICU STAFF 10
- MALE NURSING STAFF 5
- HOUSE KEEPING 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

PRIME SCHOOL UNIFORMS
Mfrs & Traders: All Types of School Uniforms, T-Shirts, Lower & Track Suits etc.
Deals in All Kind of School Bag, School Shoes & Stationary Items
Shoes 20% off
VIPIN KUMAR M. 9812587499
All School Dress also available
▸ All Vaish School ▸ Vedanta School ▸ Shiksha Bharti ▸ Scholar Rosary ▸ St. Pall School ▸ ZAD Global School ▸ Model School ▸ Shivalik School ▸ DAV School ▸ MRGS School ▸ Baba Mast Nath School ▸ GD Royal School
802/12, Arya Nagar, Opp. Vedic Ashram, Near HUDA Complex, Rohtak | Ph.: 01262-258299


ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE
Chukde Spices Combo
GET FREE
Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
SPRING Sale
UPTO 80% OFF
ROHTAK, BAHADURGARH, JHAJJAR, DIGHAL, SAMPLA, GOHANA,
HARYANA का सबसे ज़्यादा बचत वाला APP
DOWNLOAD NOW
SCAN TO DOWNLOAD
DELIVERY ONLY IN ROHTAK & BAHADURGARH CITY
19 APRIL TO 30 APRIL
WHOLSALE RATE KA HYPERMARKET • Elenta का वादा बचत सबसे ज़्यादा।
HAMDARD ROOHAFZA SHARBAT 750ML MRP ₹180 OUR PRICE ₹155
CATCH SOFT DRINK 1.2 Ltr. BUY 1 GET 1 FREE
HITKARY ALL VARIENTS 700ML 20% OFF ON MRP
PRABHAS PURE GHEE 1Ltr. BUY 1 GET 1 FREE
INDIA GATE BASMATI RICE CLASSIC 5KG MRP ₹1255 OUR PRICE ₹949
KITCHEN CHAMPION BASMATI RICE 5kg 10kg 40% OFF ON MRP
DAAWAT rozana rice GOLD 5KG MRP ₹600 OUR PRICE ₹399
BISLERI WATER BOTTLE 24*250ml MRP ₹144 OUR PRICE ₹120
BISLERI LIMONATA 600ml BUY 1 GET 1 FREE
DABUR GLUCOPLUS C SIPPER FREE 50% OFF ON MRP
FORTUNE REFINED SOYABEAN OIL 1LTR MRP ₹173 OUR PRICE ₹152
GO CHEESE SLICE 200gm BUY 1 GET 1 FREE
RAJDHANI SOOJI/MAIDA/DALIYA BUY 2 GET 1 FREE
PREET LITE GHEE 1Ltr. OUR PRICE ₹315
COCACOLA / LIMCA / SPRITE / FANTA 2L OUR PRICE ₹79
LAHORI JEERA 24 BOTTLES MRP ₹240 OUR PRICE ₹185
FRESCA JUICE 1Ltr. BUY 1 GET 3 FREE
FORTUNE KACHI GHANI 1LTR MRP ₹200 OUR PRICE ₹159
MADHUSUDAN DESI GHEE 1 Ltr. OUR PRICE ₹565
PEDIASURE VANILLA FLAVOR 1 KG MRP ₹1785 OUR PRICE ₹1428
AASHIRVAAD ATTA 10 KG MRP ₹485 OUR PRICE ₹435
KAAJU 500G OUR PRICE ₹490
WALLNUT (AKHROT) 250G OUR PRICE ₹365
KISHMISH JUMBO SIZE 1KG OUR PRICE ₹350
TATA TEA PREMIUM 1KG MRP ₹540 OUR PRICE ₹379
SATMOLA NAMKEEN ALL VARIANTS BUY 1 GET 1 FREE
SPESH SHARBAT 750 ML 20% OFF ON MRP
MAGGI TOMATO KETCHUP WITHOUT OFFER 970G MRP ₹165 OUR PRICE ₹99
WE ARE SELLING NON POLISH PULSES ONLY
MOONG CHILKA 1KG OUR PRICE ₹125
RAJMA CHITRA 1KG OUR PRICE ₹135
MALKA MASOOR 1KG OUR PRICE ₹89
MALKA KALI DAAL 1KG OUR PRICE ₹90
KALA CHANA 1KG OUR PRICE ₹77
MAMY POCO PANTS selected variants 30% OFF ON MRP
SCOTCH BRITE CLEANING PRODUCTS UPTO 10% OFF ON MRP
TIDE DOUBLE POWER JASMINE&ROSE 9KG MRP ₹999 OUR PRICE ₹799
ARIEL MATIC FRONT LOAD 4+2KG+1L MRP ₹1549 ₹250 OFF
ARIEL MATIC FRONT LOAD LIQUID 3LTR 33% OFF ON MRP
ARIEL COMPLETE DETERGENT 4KG BUY 1 GET 1 FREE
KHADI SOAP 100% HANDMADE SOAP BUY 1 GET 1 FREE
k'triq HAND WASH DETERGENT FLOOR CLEANER DISHWASH SELECTED VARIANTS BUY 1 GET 1 FREE
SURF EXCEL EASY WASH 7KG MRP ₹1030 OUR PRICE ₹699
VADILAL ICE CREAM UPTO 50% OFF ON MRP
ORION CHOCO-PIE 25X10GM BUY 1 GET 1 FREE
RED BULL ENGRY DRINK 250ML MRP ₹125 OUR PRICE ₹95
UNDERGARMENTS MEN & WOMEN SALE!
Dollar DISCOUNT 30%
JOCKEY DISCOUNT 20%
BODYCARE DISCOUNT 20%
DIXCY SCOTT DISCOUNT 30%
LUX COZI DISCOUNT 30%
VAN HEUSEN DISCOUNT 20%
MACROMAN DISCOUNT 30%
U.S. POLO ASSN. DISCOUNT 20%
MACHO UNDERWEAR DISCOUNT 30%
Rohtak Address: Elenta Tower, Near D2M Hotel, New Bus Stand Road, Rohtak. Contact: +91-8199999480
Bahadurgarh Address: Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh. Contact: +91-9992296899
Jhajjar Address: Elenta Mart, W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar. Contact: +91-8750187531
Sampla Address: Elenta Mart, Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla. Contact: +91-8930062800
Gohana Address: Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana. Contact: +91-7419002626
Dighal Address: Elenta Mart, Sampla Beri Road, Dighal. Contact: +91-7419202127
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart
TERMS & CONDITION :
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.